आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

❑ वर्ष - 27 ❑ अंक - 184 उज्जैन, मंगलवार 27 मई 2025 ❑ कुल पृष्ठ - 8, ❑ कीमत -1 रुपया

# उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कृषि उद्योग समागम 2025 कृषि प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

## जैविक उत्पादों, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण नवाचारों की प्रशंसा की



भोपाल। उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरसिंहपुर में कृषि उद्योग समागम-2025 में कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

कृषि प्रदर्शनी में आधुनिक कृषि तकनीकों, यंत्रों और नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में ड्रोन आधारित कृषि तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त उपकरण, पॉवर स्प्रेयर, सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र, जैविक एवं नैनो फर्टिलाइज़र सहित विविध नवीनतम संसाधनों को प्रदर्शित किया गया। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने सभी स्टॉलों का अवलोकन कर विकसित की गई तकनीकों की प्रशंसा की। उप राष्ट्पति ने प्रदर्शनी में कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उत्पादों की गुणवत्ता, तकनीक एवं विपणन के विषय में जानकारी ली तथा उनके नवाचारों की सराहना की। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के प्रयासों की सराहना की एवं उन्हें आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए सशक्त कड़ी बताया।

पशुपालन विभाग द्वारा आचार्य गोवंश संवर्धन योजना के अंतर्गत प्रदर्शनी में भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों का प्रदर्शन किया गया। इसमें गिर नस्ल की उस गाय को विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया, हाल ही में आयोजित भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारु गाय प्रतियोगिता 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने स्वयं गाय को चारा खिलाकर गौसंवर्धन के प्रति अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित की।

# भारत के दौरे पर पहुंचे मालदीव के विदेश मंत्री



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर और मालदीव के उनके समकक्ष अब्दुल्ला खलील सोमवार को भारत-मालदीव आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा पर समीक्षा बैठक करेंगे। खलील एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रविवार शाम से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। यह इस साल उनकी तीसरी भारत यात्रा है।

व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी पर भारत-मालदीव दृष्टि पत्र को पिछले वर्ष अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्पति मोहम्मद मुइज्जू ने अपनाया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब्दुल्ला खलील की यात्रा भारत और मालदीव के बीच उच्च स्तरीय राजनीतिक वार्ता के लिए है।

बता दें कि खलील, जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मालदीव, भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी है और भारत की पड़ोस पहले नीति और विजन महासागर में एक महत्वपूर्ण साझेदार है, जिसका उद्देश्य सभी क्षेत्रों में समग्र प्रगति है।

भारत और मालदीव में सुधर रहे संबंध - चीन समर्थक मुइज्जू द्वारा नवंबर 2023 में शीर्ष पद का कार्यभार संभालने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव आ गया था। अक्टूबर में दिल्ली यात्रा के दौरान मुइज्जू ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया, जिसके बाद संबंधों में सुधार हुआ है।

# अंतरिक्ष यात्रा से पहले क्वारंटाइन में गए शुभांशु शुक्ला, 8 जून को ISS के लिए भरेंगे उड़ान



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के अन्य तीन सदस्य अंतरिक्ष यात्रा से पहले क्वारंटाइन में चले गए हैं। यह जानकारी अमेरिका की प्राइवेट अंतरिक्ष कंपनी एक्सिओम स्पेस ने रविवार को दी।

एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरिक्षयात्री आठ जून को भारतीय समयानुसार शाम 6¬41 बजे फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से ड्रैगन अंतरिक्षयान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के सफर पर रवाना होंगे।

14 दिन का होगा शुभांशु का मिशन- मिशन में शुभांशु के शामिल होने के लिए इसरो ने 550 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। शुभांशु आइएसएस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय होंगे। राकेश शर्मा 1984 में सोवियत संघ के सोयूज अंतरिक्षयान से अंतरिक्ष में गए थे। राकेश शर्मा भारत के पहले अंतरिक्षयात्री हैं। 14 दिन के इस मिशन में अंतरिक्ष यात्री कई प्रयोग करेंगे।

# क्या भारत-पाकिस्तान सीजफायर में था अमेरिका का रोल? विपक्ष के हर सवालों का विदेश मंत्री जयशंकर ने दिया बेबाकी से जवाब




नई दिल्ली (एजेंसी)। एक तरफ जहां ऑल पार्टी डेलिगेशन दुनिया के अलग-अलग देशों में जाकर पाकिस्तान की पोल खोल रही है। वहीं, सोमवार (26 मई) को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विपक्ष को बताया कि कैसे भारत ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया।

ऑपरेशन सिंदूर, भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर और सैन्य तनाव के बीच अमेरिका की दखल से जुड़े विपक्ष के तमाम सवालों का विदेश मंत्री जयशंकर ने जवाब दिया।

घंटों चली कंसलटेटिव कमेटी की बैठक - विदेश मामलों की कंसलटेटिव कमेटी की आज दिल्ली में बैठक हुई। यह बैठक तकरीबन ढाई घंटे चली। कमेटी में 11-11 लोकसभा और राज्यसभा के सांसद थे। वहीं, कमेटी की अध्यक्षता विदेश मंत्री जयशंकर कर रहे थे। करीब ढाई घंटे तक बंद कमरे में चली बातचीत ने जयशंकर ने विपक्ष के हर सवालों का जवाब दिया।

बैठक में जयशंकर ने स्पष्ट कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका की मध्यस्ता नहीं हुई है। छ्तरस्स्ह यानी डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन के स्तर पर सीधी बातचीत के बाद ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित किया गया।

वहीं, विपक्षी सांसद राहुल गांधी ने हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर पर आरोप लगाया था कि उन्होंने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पाकिस्तान को पहले से ही बता दिया था। इस आरोप को नकारते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि मेरे बयान को गलत तरीके से समझा गया है. मैंने कहीं भी पहले शब्द का इस्तेमाल नहीं किया।

# केरल और मुंबई में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, कई राज्यों में रेड अलर्ट जारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल में शनिवार को मानसून ने दस्तक दे दी। जिसके बाद राज्य में भारी बारिश देखने को मिल रही है। बारिश के कारण कई जगहों पर स्थिति काफी बिगड़ गई है। इसके ठीक एक दिन बाद मानसून महाराष्ट्र भी पहुंचा, जहां झमाझम बारिश हुई।

रविवार और सोमवार की रात मुंबई में भारी बारिश देखने को मिली, जिसके कारण जनजीवन पूरी तरीके से अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं, शनिवार देर रात राजधानी दिल्ली समेत आसपास के सटे इलाकों में आंधी के साथ तेज बारिश हुई। दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर पेड़ उखड़ने, डालियां टूटने, जलभराव और कई अंडरपास में वाहनों के डूबने की घटनाएं हुईं।

रविवार देर रात और सोमवार तड़के सुबह महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भारी देखने को मिली है। बारिश के कारण जगह-जगह पर जल भराव की स्थिति देखने को मिली है। कई जगहों पर भारी बारिश के कारण भीषण जाम भी लगा। मानसून से पहले ही हुई बारिश ने सारी व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी है।

इस बीच मौसम विभाग ने मुंबई में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, सोमवार को महाराष्ट्र के कई इलाकों और राजधानी मुंबई में भारी बारिश की संभावना है।

दिल्ली में भी बारिश की संभावना- शनिवार रात दिल्ली एनसीआर में भारी बारिश देखने को मिली। इसके अलावा आंधी और तूफान ने भारी तबाही मचाई।

# स्पष्ट पर पाकिस्तान के आतंकियों ने तीन बार की घुसपैठ की कोशिश



नई दिल्ली (एजेंसी)। सेना के एक वरिष्ठ कमांडर ने बताया कि पाकिस्तान ने छह से 10 मई के बीच जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार आतंकवादियों को भेजने के तीन असफल प्रयास किए थे।

हर प्रयास में तीन से चार घुसपैठियों के समूह शामिल थे। पाकिस्तानी सेना इस साजिश में शामिल थी। सतर्क भारतीय सैनिकों ने सभी प्रयासों को विफल कर दिया। ये प्रयास एलओसी पर पाकिस्तान द्वारा की गई तीव्र गोलाबारी के बीच हुए थे।

# पाकिस्तान को छिपाकर नहीं, बताकर मारा, गुजरात में गरजे पीएम मोदी- मैं आतंकवाद के ठिकानों को मिट्टी में मिला दूंगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आतंकवाद के खिलाफ कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारतीय बहनों के %सिंदूर% को मिटाने की किसी भी कोशिश का निश्चित रूप से बदला लिया जाएगा। गुजरात में एक एक सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत टूरिज्म पर विश्वास करता है, टूरिज्म लोगों को जोड़ता है। लेकिन पाकिस्तान जैसा देश भी है, जो टेररिज्म को ही टूरिज्म मानता है और ये दुनिया के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी नीति आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की है। ऑपरेशन सिंदूर ने इस नीति को और स्पष्ट कर दिया है। जो भी भारतीयों का खून बहाने की कोशिश करेगा, उसको उसकी भाषा में ही जवाब दिया जाएगा। भारत पर आंख उठाने वाले किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर मानवता की रक्षा और आतंकवाद के अंत का मिशन है।

पीएम मोदी ने कहा कि सीना तानकर बिहार की जनसभा में मैंने घोषणा की थी कि मैं आतंकवाद के ठिकानों को मिट्टी में मिला दूंगा। 15 दिन तक हमने इंतजार किया कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ कोई कदम उठाएगा, लेकिन शायद आतंकवाद ही उनकी रोजी-रोटी है। जब उसने कुछ नहीं किया तो मैंने फिर देश की सेना को खुली छूट दे दी।

पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के नागरिकों और खासकर वहां के बच्चे... ये मोदी की बात कान खोलकर लो... ये आपकी सरकार और आपकी सेना आतंकवाद को समर्थन दे रही है। आतंकवाद पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए पैसा कमाने का जरिया बन गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के युवकों को तय करना होगा, बच्चों को तय करना होगा... क्या ये रास्ता उनके लिए ठीक है, क्या उनका भला हो रहा है। ये आपके भविष्य को नष्ट कर रही है। पाकिस्तान को आतंकी बीमारी से मुक्त करने के लिए पाकिस्तान के आवाम को आगे आना होगा।

# पाकिस्तान में ज्योति के साथ AK-47 लेकर घूमते थे गार्ड





नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को लेकर लगातार नए-नए खुलासे हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि जब ज्योति पाकिस्तान में घूम रही थी, तो उस दौरान कम से कम छह लोग उसे सुरक्षा प्रदान कर रहे थे। ज्योति की सुरक्षा में तैनात लोगों के पास एके-47 राइफल थी। सवाल खड़े हो रहे हैं कि एक ब्लॉगर को भला इतनी सुरक्षा की जरूरत क्यों पड़ी?

लाहौर में सुरक्षाकर्मियों के साथ घूम रही थी ज्योति- कैलम मिल, नामक एक शख्स के यूट्यूब चैनल, कैलम अब्रॉड के चैनल में ज्योति को सुरक्षाकर्मियों के साथ देखा गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि लाहौर के मशहूर अनारकली बाजार में वो सुरक्षाकर्मियों के साथ घूम रही है।

वीडियो से खुला ज्योति का राज- वीडियो में देखा जा सकता है कि ज्योति कैलम से पूछ रही है कि क्या उनकी पाकिस्तान की पहली यात्रा है। इस पर कैलम जवाब देते हैं, नहीं पांचवी बार। वह उनसे ये भी पूछती है कि क्या वो कभी भारत गए हैं। ज्योति ने कैलम को बताया कि वो भारतीय है। जब कैलम ने ज्योति से पूछा कि पाकिस्तान की मेहमाननवाजी उसे कैसी लगी तो ज्योति कहती है यह बहुत बढ़िया है। बता दें कि मार्च में कैलम मिल पाकिस्तान गए थे। इसके बाद जैसे ही ज्योति आगे बढ़ती है, कैलम को पता चलता है कि हथियारबंद लोग ज्योति के साथ है। यह देखकर कैलम कहते हैं कि सुरक्षा के लिए इतने सारे लोगों की जरूरत आखिर ज्योति को क्यों पड़ रही है? जानकारी के मुताबिक, ज्योति को पाकिस्तान में हाई प्रोफाइल पार्टियों में आमंत्रित किया गया था। आशंका है कि इन पार्टियों में ज्योति की मुलाकात पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों के साथ हुई होगी। बता दें ज्योति मल्होत्रा के वित्तीय मामलों की जांच चल रही है। वो फिलहाल पुलिस हिरासत में है। एक ब्लॉगर के रूप में ज्योति एक लग्जरी लाइफ जी रही थी। जितनी उसकी आमदनी नहीं, थी उससे ज्यादा उसके खर्चे थे।

# कोरोना के JN.1 के बाद अब मिला एक और नया स्ट्रेन, विदेश से आए यात्रियों में मिले लक्षण



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया के कई देशों के साथ भारत में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। भारत के कई राज्यों में कोरोना का छ्व्रह्.1 वेरिएंट पाया गया। इस बढ़ते खतरे के बीच अब नया वेरिएंट ह्वक्च.8.1 अमेरिका में सामने आया है। अमेरिका में इस वेरिएंट के कई केस सामने आए हैं।

चीनी सेंटर ऑफ डिजीज कंट्रोल के मुताबिक, वाशिंगटन, कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क सिटी क्षेत्र और वर्जीनिया के एयरपोर्ट पर विदेशी यात्रियों में ये मामले पाए गए। एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग कार्यक्रम के माध्यम से COVID-19 के NB1.8.1 संस्करण से जुड़े मामलों का पता चला।

ग्लोबल इनिशिएटिव ऑन शेयरिंग ऑल इन्फ्लुएंजा डेटा पर सामने आए डेटा के अनुसार, ज्यादातर मामले जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, चीन और अन्य देशों से आए यात्रियों से आ रहे हैं। इन मामलों को तब पतला चला जब 22 अप्रैल से 12 मई के बीच इनका टेस्ट किया गया था।

इन अमेरिकी राज्यों में सामने आए केस - इसके अलावा, सीबीएस रिपोर्ट के मुताबिक, NB.1.8.1 वेरिएंट के मामले ओहियो, रोड आइलैंड और हवाई सहित अन्य अमेरिकी राज्यों में भी रिपोर्ट किए गए हैं। ये मामले कथित तौर पर हवाई अड्डे के मामलों से अलग हैं। स्टडी से पता चला है कि NB.1.8.1 JN.1 वेरिएंट के समूह का हिस्सा है, अन्य वेरिएंट की तुलना में ये अधिक आसानी से फैल सकता है। हालांकि, इससे किसी गंभीर बीमारी के फैलने की कोई संभावना नहीं है।

## शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा गुयाना



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार (स्थानीय समय) को गुयाना के उपराष्ट्रपति भारत जगदेव से मुलाकात की। बता दें कि शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जॉर्जटाउन, गुयाना पहुंचा यहां पर भारतीय प्रवासियों द्वारा सभी सदस्यों का उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

गुयाना पहुंचने पर शशि थरूर ने यहां के लोगों को उनके स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए अग्रिम बधाई दी। इसके साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का उद्देश्य साझा किया। थरूर ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ खड़ेगा और इसके पीछे सभी लोगों को न्याय के कठघरे में लाने का काम करेगा।

गुयाना पहुंचे शशि थरूर ने कहा कि हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है। हमें आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना है, चाहे वह कहीं भी हो। उन्होंने यह भी कहा कि हमें उन सभी लोगों को कठघरे में लाना है, जो इस आतंकवाद के पीछे छिपे हैं।समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, गुयाना में भारतीय समुदाय और प्रवासी भारतीयों ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में आए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का जोरदार तालियों और उत्साह के साथ स्वागत किया।

## गाजा में बमबारी करते हुए आगे बढ़ रही इजरायली सेना, 77 प्रतिशत जमीन पर नियंत्रण का दावा



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायली सेना ने गाजा के 77 प्रतिशत भूभाग पर कब्जा कर लिया है और अब बाकी की जमीन पर कब्जे के लिए बर्बर हमले कर रही है। यह बात हमास की मीडिया विंग ने कही है। इस बीच इजरायल के ताजा हमलों में 38 लोग और मारे गए हैं।

मारे गए लोगों में एक पत्रकार और बचाव दल के एक अधिकारी शामिल हैं। ये लोग क्रमशः जबालिया और नुसीरत में स्थित घरों में मारे गए हैं। सात अक्टूबर, 2023 से जारी इजरायली हमलों में अभी तक कुल 220 पत्रकार में मारे जा चुके हैं। इजरायली सेना ने ताजा हमलों के बारे में कोई बयान नहीं दिया है।

हमास ने कहा है कि इजरायली वायुसेना हवाई हमले करके लोगों को घर छोड़ने को विवश कर रही है और थलसेना गोलाबारी करते हुए आगे बढ़ रही है। इससे गाजा पट्टी की 77 प्रतिशत जमीन पर इजरायल का कब्जा हो गया है। ज्यादातर फलस्तीनी घर छोड़कर भाग चुके हैं और जो घरों या टेंटों में रह रहे हैं वे इजरायली हमलों को झेलने के लिए विवश हैं।

## मैं पुतिन से नाराज हूं, वो सही नहीं कर रहे..., यूक्रेन पर 367 ड्रोन और मिसाइलों से अटैक करने पर भड़के ट्रंप






नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस और यूक्रेन में युद्धविराम करवाने की कोशिश में लगे ट्रंप ने अब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर नाराजगी जाहिर की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को यूक्रेन पर रूस द्वारा लगातार की जा रही है बमबारी को गलत बताया। रूस ने किया अब तक का सबसे बड़ा हमला- बता दें कि रूस-यूक्रेन में युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार-रविवार की रात रूस ने यूक्रेन पर अभी तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इस हमले में कुल 367 ड्रोन और मिसाइल राजधानी कीव सहित कई यूक्रेनी शहरों पर दागे गए।

13 लोगों की मौत, 60 से ज्यादा घायल- इन हमलों में 13 लोग मारे गए हैं और 60 से ज्यादा घायल हुए हैं, संपत्ति का भी भारी नुकसान हुआ है। रूस ने यूक्रेनी शहरों पर विभिन्न प्रकार की 69 मिसाइलें और 298 ड्रोन से ताजा हमला किया है। मारे गए 13 लोगों में जीटोमीर इलाके के तीन बच्चे भी शामिल हैं।

जेलेंस्की ने किया पोस्ट- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर पोस्ट मैसेज में अमेरिका पर कटाक्ष करते हुए कहा, अमेरिका की चुप्पी और विश्व में अन्य देशों के शांत रहने से पुतिन का हौसला बढ़ रहा है। रूस का इस तरह का आतंकी हमला उस पर नए प्रतिबंध लगाने के लिए पर्याप्त है। विदित हो कि हथियारों के इस्तेमाल की दृष्टि से ताजा हमला 39 महीने से जारी युद्ध का सबसे बड़ा हवाई हमला था। जबकि रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि शनिवार-रविवार की रात देश की वायु सीमा में घुसे यूक्रेन के 95 ड्रोन को मार गिराया गया। इनमें से 12 राजधानी मास्को की ओर जा रहे थे। रूस के हमलों को लेकर जेलेंस्की की बौखलाहट स्वाभाविक है। 20 जनवरी तक हर तरह की मदद कर रहा अमेरिका अब सैन्य मदद से हाथ सिकोड़ रहा है।

## यूरोप की वन राजधानी की दुनिया को सीख, फिनलैंड-रूस सीमा पर बसा योन्सू; जहां लोग बच्चों की तरह पालते हैं वन



नई दिल्ली (एजेंसी)। फिनिश भाषा में मां का अर्थ होता है धरती। भारत में भी हम धरती को मां मानते हैं। लेकिन जिस देश में प्रकृति को देवता जैसा पूजने की संस्कृति है, वहां वन लगातार सिमट रहे हैं। भारत का वन क्षेत्र अभी लगभग 25% है, जिसे बढ़ाकर 33त्न करने का लक्ष्य है। जबकि वैश्विक औसत 31% है। भारत ने 2070 तक कार्बन न्यूट्रल बनने की घोषणा की है, पर यह लक्ष्य कानूनों से नहीं, समाज को प्रकृति से जोड़कर ही पूरा हो सकता है। इसी सीख की तलाश में हम पहुंचे आर्कटिक सर्कल के पास स्थित फिनलैंड के योन्सू शहर, जिसे 'यूरोप की फरेस्ट कैपिटल' कहा जाता है। यहां वन सिर्फ जंगल नहीं, जीवन और अर्थव्यवस्था का मूल आधार हैं। फिनलैंड के 80% हिस्से में वन हैं, और 70त्न जंगल निजी स्वामित्व में हैं। लगभग हर परिवार के पास खुद का जंगल है। यहां लोग पेड़ों को परिवार की तरह पालते हैं। भारत में वानप्रस्थ जीवन का अंतिम चरण माना गया है, लेकिन यहां लोग हर गर्मी में स्वेच्छा से 'वानप्रस्थ' जीते हैं। फिनलैंड की कुल 55 लाख आबादी में से 5 लाख लोगों के पास अपने फारेस्ट काटेज हैं। वे बिजली और इंटरनेट छोड़ जंगलों में रहते हैं, झीलों से पानी लेते हैं, बैरी तोड़ते हैं। यह प्रकृति से जुड़ाव का जीवंत उदाहरण है। तकनीक का सही उपयोगः पेड़ों की सेहत जानने वनों के ऊपर उड़ते हैं एयरशिप- केह्लु कंपनी ने फिनिश परम्परा को समझा और इसमें व्यापार तलाश लिया।

## इजरायल में अमेरिकी दूतावास पर हमला करने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार; बैग में मिला बम





नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल में अमेरिकी दूतावास को जलाकर खाक करने की कोशिश की गई। अब अमेरिकी दूतावास पर हमला करने की कोशिश करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, एक व्यक्ति को रविवार को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार किया गया, जिसे इजरायली अधिकारियों ने निर्वासित कर दिया। बता दें कि 28 साल के जोसेफ न्यूमेयर जो संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी का दोहरी नागरिकता रखता है को जॉन एफ कैनेडी एयरपोर्ट पर से हिरासत में लिया गया।

फायरबम हमले करने की कोशिश- अमेरिकी न्याय विभाग के मुताबिक, न्यूमेयर ने मोलोटोव कॉकटेल का इस्तेमाल करके फायरबम हमला करने का प्रयास किया था और अमेरिकियों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ ऑनलाइन हिंसक धमकियां दी थीं।

बैग छोड़कर भागा आरोपी- न्यूमेयर पिछले महीने इजरायल पहुंचे थे और पिछले हफ्ते तेल अवीव में अमेरिकी दूतावास गए थे। न्याय विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उन्होंने बिल्डिंग के बाहर एक सुरक्षा गार्ड से लड़ाई की,गार्ड ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह बैग छोड़कर भाग गया।

न्याय विभाग ने कहा कि उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, तेल अवीव में दूतावास को जलाने में मेरे साथ शामिल हो जाओ। अमेरिका की मौत, अमेरिकियों की मौत और पश्चिम को धिक्कार है।

# आतंकियों का हितैषी चीन! 5 पाक टेररिस्ट को बैन होने से ड्रैगन ने बचाया



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के तल्ख रिश्तों के बीच एक बार फिर चीन का छिनौना सच सामने आया है। इस बार सामने आ गया है कि चीन भी पाकिस्तान के आतंकियों को पनाह देने का पक्षधर है, इसलिए वह इन्हें प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाता रहा है।

इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से तैयार किए गए एक डोजियर में अब्दुल रऊफ असगर, साजिद मीर, अब्दुर रहमान मक्की, तल्हा सईद, शाहिद महमूद रहमतुल्लाह पर प्रतिबंधों को रोक लगाने में चीन की संलिप्तता की ओर इशारा किया गया है।

चीन ने कथित तौर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के पांच आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित करने के भारत के प्रस्ताव को रोक दिया है।

कौन हैं ये आंतकी और चीन ने कब कब लगाया अड़ंगा - इकोनॉमिक टाइम्स का दावा है कि NIA की डोजियर में अब्दुल रऊफ असगर, साजिद मीर, अब्दुर रहमान मक्की, तल्हा सईद, शाहिद महमूद रहमतुल्लाह का नाम शामिल है। ये सभी आतंकी 26/11 हमले, 2019 पुलवामा हमले, 2016 पठानकोट हमला, 2001 संसद हमला और आईसी 814 अपहरण में शामिल रहे हैं।

चीन ने सबसे पहले 2022 में अब्दुर रहमान मक्की को ह की प्रतिबंधित सूची में डालने के भारत के प्रयास को रोका था। हालांकि, 2023 में इसने अपनी रोक हटा ली और लश्कर के राजनीतिक मामलों के प्रमुख मक्की को प्रतिबंधित सूची में डाल दिया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले उत्तरी-पश्चिमी कमान पहुंचे CDS चौहान



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने रविवार को उत्तरी और पश्चिमी कमानों में भारतीय सेना की युद्धक तैयारियों की रणनीतिक समीक्षा की। जनरल चौहान ने आपरेशन सिंदूर के दौरान प्रमुख भूमिका निभाने वाले दो महत्वपूर्ण कमानों का अलग-अलग दौरा किया। उन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में समग्र तालमेल और कार्यों को समय पर पूरा करने की सराहना की।

सेनाओं के बीच तालमेल के महत्व पर जोर दिया- सीडीएस ने रणनीतिक समीक्षा और परिचालन मूल्यांकन करते हुए उभरते खतरों से निपटने के लिए निरंतर सतर्कता, संयुक्त कार्रवाई क्षमता और सेनाओं के बीच तालमेल के महत्व पर जोर दिया। सीडीएस ने दोनों कमानों से दुश्मन द्वारा निशाना बनाए गए नागरिकों के पुनर्वास में मदद करने का भी आह्वान किया।

सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में उत्तरी कमान के मुख्यालय में जनरल आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने जनरल चौहान को परिचालन तैयारियों के साथ-साथ आतंकवाद खत्म करने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

## मां की हत्या, एक बेटी के कान और गले पर गहरा जख्म, दूसरी लापता; जांच में जुटी पुलिस




नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के वायनाड जिले से एक झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। 34 साल की महिला की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि 34 साल की महिला की हत्या कर दी गई और उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं अब बताया जा रहा है मृतक महिला की दूसरी बेटी घटना के बाद से लापता है। मृतक का नाम प्रवीण बताया जा रहा है।

हमले के बाद से प्रवीण की एक और बेटी लापता है। यह घटना रविवार देर शाम तिरुनेल्ली पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत उनके आवास पर हुई। पुलिस के अनुसार, पीड़ित प्रवीण अपने पति से अलग होने के बाद एक गांव में किराए के मकान में अपनी दो बेटियों के साथ रह रही थी।

मृतका की बेटी के कान पर गहरा घाव- पुलिस का मानना है कि हमला उसके पुरुष मित्र ने किया है। प्रवीणा की 14 साल की बेटी के गले और कान पर गहरे घाव हैं। उसका फिलहाल सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। संदिग्ध के साथ उसकी नौ साल की बेटी भी लापता है। पुलिस की एक टीम मामले की जांच कर रही है।

मौसम के कारण पुलिस की तलाश में आई बाधा - पुलिस ने बताया कि लापता लड़की की तलाश जारी है, लेकिन तेज हवाएं और भारी बारिश के कारण अभियान में बाधा आ रही है।

## देश में दो दिन में 2 लोगों की मौत; महाराष्ट्र समेत इन राज्यों में तेजी से बढ़े एक्टिव मरीज



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में कोरोना के मामले एक बार फिर से बढ़ने लगे हैं। केरल, कर्नाटक के बाद अब महाराष्ट्र में लगातार कोविड केस में इजाफा देखने को मिल रहा है। यहां तक की कई राज्यों से मौत के मामले भी सामने आए हैं।

देश में अब तक एक्टिव मरीज 1009 रिकॉर्ड किए गए हैं। वहीं, दो दिन में 2 लोगों की मौत हुई है।

महाराष्ट्र में तेजी से बढ़े मामले, 21 साल के मरीज की मौत- महाराष्ट्र में कोविड 19 के 43 नए मामले सामने आए हैं। मामलों में इजाफे के साथ ही ठाणे में 21 वर्षीय कोविड मरीज की मौत हो गई। मरीज को ठाणे के छत्रपति शिवाजी महाराज कलवा अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था।

कर्नाटक के बेंगलुरु में कई अंगों के काम करना बंद कर देने के कारण गंभीर बीमारियों से पीड़ित 84 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है और शनिवार को उनकी कोविड-19 जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि शहर के व्हाइटफील्ड निवासी की मौत 17 मई को कई अंगों के काम करना बंद कर देने के कारण हुई थी।

बता दें कि कर्नाटक और दिल्ली समेत कई राज्यों ने कोरोना को लेकर एडवाइजरी जारी की है। हालांकि, लोगों से कहा गया है कि घबराने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कोविड-19 के मामलों में कोई बड़ा उछाल नहीं है; केवल छिटपुट मामले सामने आए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने की समीक्षा- केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कई राज्यों, मुख्य रूप से केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि में सामने आए कोविड-19 मामलों के संबंध में मामले की समीक्षा की। एएनआई के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह देखा गया है कि इनमें से ज्यादातर मामले गंभीर नहीं हैं और घर पर ही देखभाल की जा रही है।

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर ने अपने ही पीएम को उल्लू बनाया! चीनी सेना की तस्वीर को भारत की बताकर किया गिफ्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। रत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की हर जगह बेइज्जती हो रही है। हर कोई भारत के सैन्य अभियान की तारीफ कर रहा है। इस बीच मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान झूठे प्रचार में लगा हुआ है। वो ऐसे दिखा रहा है, मानों उसने कोई बड़ी जीत पाई हो। इस बीच पाकिस्तान एक बार फिर अपनी भद पिटाने में पीछे नहीं रहा। जीत के दावों के बीच उसका झूठ फिर पकड़ा गया है। यहां तक की उसके पीएम शहबाज को भी शर्मिंदगी झेलनी पड़ रही है।

दरअसल, पाक पीएम शहबाज शरीफ को एक हाई-प्रोफाइल डिनर कार्यक्रम में उपहार के रूप में एक फ्रेम वाली पेंटिंग भेंट करने के लिए पाक सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर का मजाक उड़ रहा है। इस्लामाबाद और दुनिया भर के कई सोशल मीडिया यूजर उनकी खिल्ली उड़ा रहे हैं।

इंटरनेट पर जनरल मुनीर द्वारा प्रधानमंत्री शरीफ को उपहार में दी गई पेंटिंग को तेज तर्रार लोगों ने पहचान लिया। उन्होंने तुरंत पोस्ट करना शुरू कर दिया कि यह तस्वीर चीनी सैन्य अभ्यास की चार साल पुरानी तस्वीर से काफी मिलती-जुलती है।

कई सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा किया कि यह तस्वीर चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के अभ्यास के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध दृश्यों से सीधे ली गई है, जिससे पाकिस्तान द्वारा ऑपरेशन बनयान-उन-मर्सूस के चित्रण की प्रामाणिकता पर सवाल उठ रहे हैं।

लोगों ने लिए मजे- एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने कहा, ऐसा लगता है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने भारत के खिलाफ पाक सेना के हमले को दर्शाने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक पुरानी चीनी सैन्य तस्वीर उपहार में दी है।

## पटरी पर लौटेगी कनाडा-भारत संबंधों की गाड़ी! जयशंकर ने कनाडा की नई विदेश मंत्री अनीता आनंद से बात कर दिया संकेत



नई दिल्ली (एजेंसी)। तकरीबन दो वर्षों से भारत और कनाडा के रिश्तों में लगातार आ रही गिरावट का दौर अब थमने लगा है और उम्मीद है कि दोनों तरफ से जल्द ही रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिश शुरू होगी।

रविवार देर रात विदेश मंत्री एस जयशंकर और कनाडा की नई विदेश मंत्री अनीता आनंद के बीच टेलीफोन पर बात हुई। बताया गया है कि यह वार्ता काफी सकारात्मक रही है। फरवरी, 2024 के बाद पहली बार दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत हुई है।

दोनों विदेश मंत्री में आर्थिक सहयोग पर बात - कनाडा में हाल ही में हुए चुनाव के बाद मार्क कार्नी की अगुवाई में नई सरकार का गठन हुआ है। नई सरकार की तरफ से अभी तक भारत विरोधी कोई बयानबाजी नहीं हुई है जैसा कि पूर्व पीएम जस्टिन ट्रुडो के कार्यकाल में होता था। इसे नई सरकार की भारत को लेकर बदले रुख के तौर पर भारत में देखा जा रहा है।

दोनों विदेश मंत्रियों के बीच जिस तरह से आर्थिक सहयोग पर बात हुई है, उससे यह भी लग रहा है कि संभवतः दोनों सरकारों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी फिर से बात शुरू हो।

अनीता आनंद से बात करने के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि, ÷कनाडा की विदेश मंत्री से हुई बातचीत की मैं प्रशंसा करता हूं। हमने भारत-कनाडा संबंधों की भावी संभावनाओं के बारे में बात की। मैं उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

आनंद ने की आर्थिक सहयोग की बात- आनंद ने जिस तरह से आर्थिक सहयोग की बात की है उससे भारत में काफी उत्साहजनक माना जा रहा है। दरअसल, वर्ष 2023 में आपसी रिश्तों में गिरावट आने से पहले दोनों देशों के बीच एफटीए को लेकर बातचीत हो रही थी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 कृष्ण अमावस्या

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य



## संपादकीय


# आज सारी दुनियाँ कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार के दंश से अर्थव्यवस्था में कमजोरी महसूस कर रही है....



वैश्विक स्तरपर आज सारी दुनियाँ कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार के दंश से अर्थव्यवस्था में कमजोरी महसूस कर रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार रूपी काली कमाई भ्रष्टाचारियों द्वारा बेहद सस्पेंस वाली जगह पर छुपा कर रखा जाता है,जो अर्थव्यवस्था के सरकुलेशन में काम नहीं आती। मसलन 2000 के नोटों की लंबी राशि चलन में नहीं आ रही थी यानी मतलब साफ है भ्रष्टाचार्यों के पास लॉक हो गई थी,नतीजा नोटों की नोटबंदी ही पर्याय था। परंतु बहुत ताजुब की बात है एक ओर जहां सरकार भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस करने कमर कसकर भिड़ी हुई है दूसरी ओर हमेशा देखा जाता है की राजनीति में सहयोगी पार्टी या पार्टी के अंदर ही पार्टी के कद्दावर नेताओं में मंत्रालय के विभागों की मलाई पर तकरार होती है,यानें सरकारी टेंडर में परसेंटेज के मामले होते हैं,इसीलिए ही 40 या 50 पेर्सेंट के आरोप प्रत्यारोप राजनीति में सभी बातें एक दूसरे के ऊपर लगाते रहते हैं अक्सर चुनाव जीते हुए व्यक्तियों से लेकर मंत्री व चपरासी से लेकर उच्च पदासीन अधिकारी इसमें शामिल होते हैं तो फिर भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस नीति का क्या अर्थ हुआ? जो रेखांकित करने वाली बात है, जिसका सटीक उदाहरण महाराष्ट के एक नेता पर गृहमंत्री होने के बावजूद 100 करोड़ प्रतिमाह का आरोप लगा था वो जेल भी गए थे। ऐसे अनेक आरोप राजनीतिज्ञों मंत्रियों पर लगते रहते हैं जो रेखा रेखांकित करने वाली बात है, जिससे क्लियर होता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से लेकर नीचे की ओर चलता है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेविभागों की मलाई पर तकरार, भ्रष्टाचार पर कैसे होगा पलटवार !तथा भ्रष्ट प्लस अचार एट द रेट ऑफ भ्रष्टाचार, लोक निर्माण सरकारी टेंडर गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है?

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के अर्थ को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार शब्द दो शब्दों की संधि से बना है- भ्रष्ट+आचार,जिनके निम्न अर्थ हैं- भ्रष्ट=दूषित, गंदा, अनैतिक,गलत,आपराधिक,आचार=आचरण ा,व्यवहार,कार्यकप कार्य,तो सीधे शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार का तात्पर्य उस कार्य से है जो गलत हो, अनैतिक हो, आपराधिक हो या दूषित हो।हमारे राजनेताओं की कृपा से आजकल यह शब्द मुख्यतया राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग होता है लेकिन सामान्यतया हर वह आचरण भ्रष्टाचार है जो कि किसी गलत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनैतिक ढंग से और दुर्भावना से किया जाए।केवल सरकारी कार्यों में घोटाले करना ही भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि अपने आदर्शों से समझौता करना और निजी लाभ के लिए किसी अन्य को पीड़ा पहुंचाना भी भ्रष्टाचार है।दूधवाले का दूध में पानी मिलाना भी भ्रष्टाचार है और शिक्षक का कक्षा में ना पढ़ाना भी भ्रष्टाचार है। अधिकारी का काम ना करना भी भ्रष्टाचार है और काम के बदले रिश्वत मांगना भी भ्रष्टाचार है। टैक्स चोरी करना भी भ्रष्टाचार है और यातायात के नियमों को ना मानना भी भ्रष्टाचार है।सीमित शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं में घोटाले करना ही नहीं है बल्कि निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार से आर्थिक दुष्प्रभाव की करें तो,भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है,मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है, इस फॉर्मूले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं।

# जवाहरलाल नेहरू



पंडित जवाहरलाल नेहरू भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के महान् सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री (1947-1964) थे। जवाहर लाल नेहरू, संसदीय सरकार की स्थापना और विदेशी मामलों में गुटनिरपेक्ष नीतियों के लिए विख्यात हुए। 1930 और 1940 के दशक में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से वह एक थे।

जन्म एवं शिक्षा- नेहरू कश्मीरी ब्राह्मण परिवार के थे, जो अपनी प्रशासनिक क्षमताओं तथा विद्वत्ता के लिए विख्यात थे और जो 18वीं शताब्दी के आरंभ में इलाहाबाद आ गये थे। इनका जन्म इलाहाबाद में 14 नवम्बर 1889 ई. को हुआ। वे पं. मोतीलाल नेहरू और श्रीमती स्वरूप रानी के एकमात्र पुत्र थे। अपने सभी भाई-बहनों में, जिनमें दो बहनें थीं, जवाहरलाल सबसे बड़े थे। उनकी बहन विजयलक्ष्मी पंडित बाद में संयुक्त राष्ट महासभा की पहली महिला अध्यक्ष बनीं। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा घर पर ही हुई, 14 वर्ष की आयु में नेहरू ने घर पर ही कई अंग्रेज़ अध्यापिकाओं और शिक्षकों से शिक्षा प्राप्त की। इनमें से सिर्फ़ एक, फ़र्डिनैंड ब्रुक्स का, जो आधे आयरिश और आधे बेल्जियन अध्यात्मज्ञानी थे, उन पर कुछ प्रभाव पड़ा। जवाहरलाल के एक समादृत भारतीय शिक्षक भी थे, जो उन्हें हिन्दी और संस्कृत पढ़ाते थे। 15 वर्ष की उम्र में 1905 में नेहरू एक अग्रणी अंग्रेज़ी विद्यालय इंग्लैण्ड के हैरो स्कूल में भेजे गये। हैरो में दाख़लि हुए, जहाँ वह दो वर्ष तक रहे। नेहरू का शिक्षा काल किसी तरह से असाधारण नहीं था। और हैरो से वह केंब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज गए, जहाँ उन्होंने तीन वर्ष तक अध्ययन करके प्रकृति विज्ञान में स्नातक उपाधि प्राप्त की। उनके विषय रसायनशास्त्र, भूगर्भ विद्या और वनस्पति शास्त्र थे। केंब्रिज छोड़ने के बाद लंदन के इनर टेंपल में दो वर्ष बिताकर उन्होंने वकालत की पढ़ाई की और उनके अपने ही शब्दों में परीक्षा उत्तीर्ण करने में उन्हें न कीर्ति, न अपकीर्ति मिली।

परिवार- भारत लौटने के चार वर्ष बाद मार्च, 1916 में नेहरू का विवाह कमला कौल के साथ हुआ, जो दिल्ली में बसे कश्मीरी परिवार की थीं। उनकी अकेली संतान इंदिरा प्रियदर्शिनी का जन्म 1917 में हुआ; बाद में वह, विवाहोपरांत नाम इंदिरा गांधी, भारत की प्रधानमंत्री बनीं। तथा एक पुत्र प्राप्त हुआ, जिसकी शीघ्र ही मृत्यु हो गयी थी। 1912 ई. में वे बैरिस्टर बने और उसी वर्ष भारत लौटकर उन्होंने इलाहाबाद में वकालत प्रारम्भ की। वकालत में उनकी विशेष रुचि न थी और शीघ्र ही वे भारतीय राजनीति में भाग लेने लगे। 1912 ई. में उन्होंने बाँकीपुर (बिहार) में होने वाले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया।

राजनीति में - भारत लौटने के बाद नेहरू ने पहले वकील के रूप में स्थापित होने का प्रयास किया लेकिन अपने पिता के विपरीत उनकी इस पेशे में कोई ख़ास रुची नहीं थी और उन्हें वकालत और वकीलों का साथ, दोनों ही नापसंद थे। उस समय वह अपनी पीढ़ी के कई अन्य लोगों की भांति भीतर से एक ऐसे राष्ट्रवादी थे, जो अपने देश की आज़ादी के लिए बेताब हो, लेकिन अपने अधिकांश समकालीनों की तरह उसे हासिल करने की ठोस योजनाएं न बना पाया हो।

गाँधी जी से मुलाकात- 1916 ई. के लखनऊ अधिवेशन में वे सर्वप्रथम महात्मा गाँधी के सम्पर्क में आये। गांधी उनसे 20 साल बड़े थे। दोनों में से किसी ने भी आरंभ में एक-दूसरे को बहुत प्रभावित नहीं किया। बहरहाल, 1929 में कांग्रेस के ऐतिहासिक लाहौर अधिवेशन का अध्यक्ष चुने जाने तक नेहरू भारतीय राजनीति में अग्रणी भूमिका में नहीं आ पाए थे। इस अधिवेशन में भारत के राजनीतिक लक्ष्य के रूप में संपूर्ण स्वराज्य की घोषणा की गई। उससे पहले मुख्य लक्ष्य औपनिवेशिक स्थिति की माँग था। नेहरू जी के शब्दों में-

कुटिलता की नीति अन्त में चलकर फ़ायदेमन्द नहीं होती। हो सकता है कि अस्थायी तौर पर इससे कुछ फ़ायदा हो जाए।

चाचा नेहरू - देशभर में जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन 14 नवंबर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेहरू बच्चों से बेहद प्यार करते थे और यही कारण था कि उन्हें प्यार से चाचा नेहरू बुलाया जाता था। एक बार चाचा नेहरू से मिलने एक सज्जन आए। बातचीत के दौरान उन्होंने नेहरू जी से पूछा, पंडित जी, आप सत्तर साल के हो गये हैं, लेकिन फिर भी हमेशा बच्चों की तरह तरोताज़ा दिखते हैं, जबकि आपसे छोटा होते हुए भी मैं बूढ़ा दिखता हूँ।÷ नेहरू जी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ÷इसके तीन कारण हैं।

मैं बच्चों को बहुत प्यार करता हूँ। उनके साथ खेलने की कोशिश करता हूँ, इससे मैं अपने आपको उनको जैसा ही महसूस करता हूँ।

मैं प्रकृति प्रेमी हूँ, और पेड़-पौधों, पक्षी, पहाड़, नदी, झरनों, चाँद, सितारों से बहुत प्यार करता हूँ। मैं इनके साथ में जीता हूँ, जिससे यह मुझे तरोताज़ा रखते हैं।

अधिकांश लोग सदैव छोटी-छोटी बातों में उलझे रहते हैं और उसके बारे में सोच-सोचकर दिमाग़ ख़राब करते हैं। मेरा नज़रिया अलग है और मुझ पर छोटी-छोटी बातों का कोई असर नहीं होता।÷ यह कहकर नेहरू जी बच्चों की तरह खिलखिलाकर हंस पड़े।

जवाहरलाल नेहरू हमारी पीढ़ी के एक महानतम व्यक्ति थे। वह एक ऐसे अद्वितीय राजनीतिज्ञ थे, जिनकी मानव-मुक्ति के प्रति सेवाएं चिरस्मरणीय रहेंगी। स्वाधीनता-संग्राम के योद्धा के रूप में वह यशस्वी थे और आधुनिक भारत के निर्माण के लिए उनका अंशदान अभूतपूर्व था।- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

स्वतंत्रता में योगदान- जवाहरलाल नेहरू महात्मा गांधी के कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ लड़े। चाहे असहयोग आंदोलन की बात हो या फिर नमक सत्याग्रह या फिर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन की बात हो उन्होंने गांधी जी के हर आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मलिक ने बताया कि नेहरू की विश्व के बारे में जानकारी से गांधी जी काफ़ी प्रभावित थे और इसीलिए आज़ादी के बाद वह उन्हें प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहते थे। सन् 1920 में उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ ज़िले में पहले किसान मार्च का आयोजन किया। 1923 में वह अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव चुने गए।

आज़ाद भारत के मुख्य पड़ाव - ब्रिटिश संसदीय प्रणाली को आधार मान कर बनाए गए भारतीय संविधान के तहत हुआ यह पहला चुनाव था जिसमें जनता ने मतदान के अधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव के समय मतदाताओं की कुल संख्या 17 करोड़ 60 लाख थी जिनमें से 15 फ़ीसदी साक्षर थे। 1952 में पहले आमचुनाव हुए जिसमें कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई और पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। इससे पहले वह 1947 में आज़ादी मिलने के बाद से अंतरिम प्रधानमंत्री थे। संसद की 497 सीटों के साथ-साथ राज्यों कि विधानसभाओं के लिए भी चुनाव हुए। लेकिन जहाँ संसद में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत हासिल हुआ वहीं कुछ राज्यों में इसे दूसरे दलों से ज़बर्दस्त टक्कर मिली। कांग्रेस पार्टी बहुमत हासिल करने में इस शहरों चेन्नई, हैदराबाद और त्रावणकोर में विफल रही जहाँ उसे कम्युनिस्ट पार्टी ने कड़ी टक्कर दी। हालाँकि इन चुनावों में हिन्दू महासभा और अलगाववादी सिक्ख अकाली पार्टी को मुँह की खानी पड़ी। पहले चुनाव के बाद से ही कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने दक्षिणी राज्यों में जनसमर्थन बढ़ाना शुरू कर दिया जिसके नतीजे 1957 में हुए चुनाव में उसे मिले। त्रावणकोर-कोचिन और मालाबार को मिला कर बने केरल में कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता में आई।

प्रधानमंत्री के रूप में उपलब्धियाँ- 1929 में जब लाहौर अधिवेशन में गांधी ने नेहरू को अध्यक्ष पद के लिए चुना था, तब से 35 वर्षों तक- 1964 में प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए मृत्यु तक, 1962 में चीन से हारने के बावजूद, नेहरू अपने देशवासियों के आदर्श बने रहे। राजनीति के प्रति उनका धर्मनिरपेक्ष रवैया गांधी के धार्मिक और पारंपरिक दृष्टिकोण से भिन्न था। गांधी के विचारों ने उनके जीवनकाल में भारतीय राजनीति को भ्रामक रूप से एक धार्मिक स्वरूप दे दिया था। गांधी धार्मिक रुढ़िवादी प्रतीत होते थे, किन्तु वस्तुतः वह सामाजिक उदारवादी थे, जो हिन्दू धर्म को धर्मनिरपेक्ष बनाने की चेष्ठा कर रहे थे।

# पैदा होने से लेकर बच्चे के बड़े होने तक कितना लग सकता है खर्च, पहले ही जुटा लें इतना फंड



नई दिल्ली (एजेंसी)। बेबी प्लानिंग आज के समय काफी जरूरी हो गया है। आज हम खास तौर पर बेबी प्लानिंग से जुड़े वित्तीय संबंधित खर्चों के बारे में बात करेंगे। ये एक अनुमानित खर्च होगा क्योंकि ये आपकी जरूरत और इच्छा पर भी निर्भर करता है। हम पहले प्री प्रेग्नेंसी से जुड़े खर्चों पर बात करते हैं।

डिलीवरी से पहले प्रेग्नेंसी से जुड़े टेस्ट और अगर कोई समस्या हुई तो उसके इलाज के लिए 50 हजार रुपये से लेकर 1 लाख तक खर्च लग सकता है।

वहीं, नॉर्मल डिलीवरी में 75000 हजार से 1 लाख तक खर्च हो सकता है। इसके अलावा सी-सेक्शन में 1 लाख रुपये या इससे ज्यादा का खर्च आ सकता है। प्रेग्नेंसी से जुड़ा इलाज और टेस्ट अगर सरकारी अस्पताल में किया जाए तो कम हो जाता है। इसके साथ ही अगर नर्सिंग होम में इलाज किया जाए तो भी कम हो जाता है।

बच्चे के स्कूल जाने तक भी लाख रुपये तक का खर्च आ जाता है। इनमें दूध, कपड़े, वैक्सीन, बेसिक चेकअप इत्यादि शामिल हैं। वहीं आपकी जरूरत और पसंद पर भी ये खर्च निर्भर करता है।

पढ़ाई से जुड़ा खर्च- मौजूदा समय में प्राइवेट स्कूल की सलाना फीस 1 लाख या इससे ज्यादा हो सकती है। वही सरकारी स्कूल में 8वीं कक्षा तक फीस माफ होती है। स्कूल की उच्च कक्षा में भी बेहद कम पैसे लगते हैं। इसलिए स्कूल से जुड़ा खर्चा व्यक्तिगत चयन पर निर्भर करता है।

म्यूचुअल फंड में करें निवेश- अगर बच्चे के पैदा होने पर कोई व्यक्ति 5000 रुपये निवेश करता है, तो आज से 20 साल बाद 12 फीसदी अनुमानित रिटर्न के हिसाब से आपको मैच्योरिटी में 45,99,287 रुपये मिलते हैं। आप एसआईपी में निवेश रकम को स्ट्व्ह-श्च स्ट्वक्से बढ़ा भी सकते हैं।

इमरजेंसी फंड और हेल्थ इंश्योरेंस

लगातार बढ़ रहे मेडिकल खर्चों को देखते हुए हमें परिवार के सभी सदस्यों के लिए हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम लेना चाहिए। इसके साथ ही सैलरी का कुछ हिस्सा इमरजेंसी फंड के लिए बचाकर रखें। ताकि भविष्य में होने वाली किसी भी तरह की वित्तीय परेशानी का आप सामना कर पाएं।

## कंपनी ने 47 रुपये के डिविडेंड का किया ऐलान, नेट प्रॉफिट में 60% का इजाफा



नई दिल्ली (एजेंसी)। Gillette India ने भी सोमवार को तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। कंपनी का मार्च क्वार्टर में प्रदर्शन शानदार रहा है। एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा गया है कि जनवरी से मार्च 2025 के दौरान कुल नेट प्रॉफिट 159 करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर Gillette India के नेट प्रॉफिट में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। एक वित्त वर्ष पहले इसी तिमाही में कंपनी को 99 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। Gillette India ने तिमाही नतीजों के साथ-साथ एक शेयर पर 47 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है।

मार्च तिमाही के नतीजों से Gillette India के शेयर होल्डर्स काफी खुश नजर आ रहा है। सोमवार को कंपनी के शेयर करीब 13 प्रतिशत चढ़ गए। बीएसई में सोमवार को यह पर्सनल केयर स्टॉक 8821.65 रुपये के लेवल पर खुला था। इसके बाद दिन में कंपनी के शेयर 9875 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया था। Gillette India के रेवन्यू में भी इजाफा हुआ है। कंपनी ऑपरेशनल रेवन्यू 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 767 करोड़ रुपये रहा है। इसके पहले के वित्त वर्ष में यह 681 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने तिमाही नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड का भी ऐलान किया है। एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने कहा है कि हर एक शेयर पर 47 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा।

# सोने के दाम में आई गिरावट, इतना लुढ़का सोने का भाव; आगे कैसी रहेगी कीमत?



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोमवार के दिन सोने के दाम में हल्की गिरावट देखी गई है। निवेशकों को आज थोड़ी बहुत राहत मिली है। बीते दिनों सोने की कीमत लगातार बढ़त दर्ज की जा रही थी। एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने के भाव में सुबह 10.09 बजे गिरावट दर्ज की गई है।

26 मई को सुबह 10.11 बजे 10 ग्राम सोने की कीमत 96,001 रुपये चल रही है। अब तक सोने के भाव ने 95,865 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचकर लो रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही 96,101 प्रति 10 ग्राम पहुंचकर अब तक का हाई रिकॉर्ड बनाया है।

26 मई, सोमवार को सोने के दाम के साथ-साथ चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है। एमसीएक्स सुबह 10.18 बजे चांदी का भाव 97,878 रुपये प्रति किलो चल रहा है। चांदी ने अब तक 97,877 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचकर लो रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही 98,300 प्रति किलो अब तक का हाई रिकॉर्ड है।

सोने का दाम कितना पहुंच सकता है- सोने के दाम में आगे गिरावट आएगी या नहीं। इसे लेकर हमने एक्सपर्ट्स से बातचीत की है।

चलिए जानते हैं कि उन्होंने इस बारे में क्या कहा- कमोडिटी एडवायजरी फर्म केडिया कमोडिटीज के निदेशक अजय केडिया कहते हैं, जितने फैक्टर्स अभी तक सोने की कीमतों को सपोर्ट कर रहे थे, वह एक-एक कर समाप्त हो रहे हैं। जैसे अमेरिका और चीन में ट्रेड डील हो गया है। रूस और यूक्रेन अगले हफ्ते डील के लिए मीटिंग करने वाले हैं। ईरान का संकट भी कम हो रहा है।

केडिया ने कहा कि मेरा मानना है कि सोने के उच्चतम स्तर से देखें तो 10-12त्न का करेक्शन आना चाहिए। जिसका मतलब है 88 हजार से 90 हजार के लेवल पर आ सकता है।

## ऑनलाइन गेमिंग कंपनी के शेयर को बेचने की लगी होड़, निवेशकों में हड़कंप, शेयर क्रैश



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑनलाइन गेमिंग फर्म नाजारा टेक्नोलॉजीज के शेयर आज सोमवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयरों में 5त्न तक की गिरावट आई और यह शेयर 1245.10 रुपये के इंट्रा डे लो पर आ गया था। दरअसल, कंपनी ने अपने मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। कंपनी ने फाइनेंशियल 2025 की चौथी तिमाही में ऑपरेशनल रेवेन्यू में 95% की बढ़ोतरी दर्ज की, जो कि 520.2 करोड़ रुपये रही, जबकि मार्केटिंग और कर्मचारी लागत में बढ़ोतरी के कारण कुल खर्च में वृद्धि हुई। मुंबई मुख्यालय वाली इस कंपनी ने 31 मार्च को समाप्त तिमाही में 4 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 0.18 करोड़ रुपये था। कुल खर्च सालाना आधार पर 85त्न बढ़कर 527.7 करोड़ रुपये हो गया, जिसकी वजह विज्ञापन और प्रचार खर्च में तीन गुना से अधिक की वृद्धि रही, जो बढ़कर 151.03 करोड़ रुपये हो गया। कर्मचारी लाभ खर्च में भी 80.7त्न की भारी वृद्धि देखी गई, जो 79.9 करोड़ रुपये हो गया। नाजारा का ईस्पोर्ट्स सेगमेंट राजस्व में सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा, जो चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 47त्न बढ़ा। गेमिंग डिवीज़न ने राजस्व में 72% की वृद्धि देखी, जो 156.4 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इसके एडटेक वर्टिकल ने भी लाभ दर्ज किया।

# NSE IPO को लेकर आई बड़ी अपडेट, कब तक मिल सकती है इसे मंजूरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले 9 वर्षों से NSE IPO News का इंतजार कर रहे लाखों निवेशकों के लिए एक अच्छी खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक महीने के भीतर बाजार नियामक SEBI एनएसई के आईपीओ को मंजूरी दे सकता है। ऐसा हुआ तो अगले कुछ महीनों में ही एनएसई के शेयर बीएसई पर ट्रेड करते नजर आएंगे।

देश का सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज एनएसई साल 2016 से ही शेयर बाजार में लिस्ट होने की कोशिश कर रहा है। लेकिन बीच-बीच में आ रही अड़चनों ने इसे अब तक रोके रखा है।

इसमें सबसे गंभीर मामला कोलोकेशन से जुड़ा आरोप है। यह मामला 2010 से 2014 के बीच के आरोपों से जुड़ा है, जिसमें कुछ हाई-फ्रिक्वेंसी ट्रेडर्स (एचएफटी) को एनएसई के को-लोकेशन सर्वरों तक अनुचित पहुंच होने का आरोप लगा था।

इसमें डार्क फाइबर कनेक्टिविटी का इस्तेमाल किया गया, जिससे ये ट्रेडर्स दूसरों की तुलना में तेजी से ट्रेड कर पाए।

अप्रैल 2019 में सेबी ने एनएसई को आदेश दिया कि वह 62.58 करोड़ के अवैध लाभ को वापस करे साथ ही नियामक ने एनएसई के शीर्ष अधिकारियों को बाजार से जुड़े पदों पर काम करने से रोक दिया। 2022 में एनएसई पर 7 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया था, जिसे बाद में सिक्युरिटीज अपीलेट ट्रिब्यूनल (एसएटी) ने रद्द कर दिया। सेबी ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

हालांकि, अब सेबी और एनएसई के बीच लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध के हल होने के संकेत मिल रहे हैं। हाल में ही सेबी प्रमुख तुहीन कांत पांडेय ने संकेत दिए थे कि एनएसई के आईपीओ को जल्द मंजूरी मिल सकती है।

ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) अगले कुछ हफ्तों में मिल सकता है। सेबी दो उपायों पर विचार कर रहा है। पहला, एनएसई को अपने ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में लंबित मुकदमों के बारे में अतिरिक्त खुलासे करने होंगे। या फिर एनएसई और सेबी अदालत से बाहर समझौता करेंगे। इसमें एनएसई एक निश्चित फीस का भुगतान करेगा और सेबी मुकदमे वापस ले लेगा।

बहरहाल, एनएसई की लिस्टिंग को नजदीक देखकर निवेशक उत्साहित हैं। ग्रे मार्केट में एनएसई के अनलिस्टेड शेयरों की कीमतों में बीते कुछ हफ्तों में 23 फीसदी की तेजी दर्ज हो चुकी है।

## टाटा की दिग्गज कंपनी का अरब में दांव! बड़ी डील की तैयारी, कंपनी का बढ़ेगा दबदबा




नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन, दमास इंटरनेशनल में 72 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीदने के लिए अग्रिम चरण की बातचीत कर रही है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक, यह डील 2500 करोड़ रुपये में हो सकती है। दमास इंटरनेशनल, अरब की प्रमुख ज्वैलरी रिटेलर कंपनी है। टाटा ग्रुप की कंपनी ने इस डील का मूल्यांकन शुरू कर दिया है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है। बाकी का 28 पर्सेंट हिस्सा दमास इंटरनेशनल पर मालिकाना हक रखने वाले मन्नाई कॉर्प के पास रहेगा।

दमास इंटरनेशनल ने इस डील के लिए टाइटन से 3,000 करोड़ रुपये मांगे थे। टाइटन कंपनी के शेयर सोमवार को उछाल के साथ 3610.90 रुपये पर बंद हुए हैं।

दोनों पक्ष प्रारंभिक स्तर के एग्रीमेंट पर पहुंच गए हैं। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक, इस डील को वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में अंतिम रूप दिया जा सकता है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# खंडवा की निर्भया को न्याय दिलाने फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा केस, बर्बरता करने वालों के लिए फांसी की मांग करेगी पुलिस

खंडवा । खालवा थाना क्षेत्र में अधेड़ महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ दुष्कर्म और हतया का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार रविवार देर रात पुलिस आरोपितों को लेकर गांव में भी पहुंची, लेकिन घटना से संबंधित कोई साक्ष्य पुलिस को हाथ नहीं लगे।

पुलिस आरोपितों को लेकर दोबारा गांव में पहुंच सकती है।फिलहाल पुलिस ने दोनों सोमवार सुबह आरोपितों को हरसूद कोर्ट में पेश किया। यहां पुलिस पूछताछ के लिए दोनों आरोपितों की रिमांड मांग करेगी। रेयरेस्ट ऑफर रेयर की श्रेणी में रखेगी पुलिस

मामले में एएसपी ग्रामीण राजेश रघुवंशी ने कहा कि मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा। पुलिस तय




समय सीमा में मामले को कोर्ट में निपटाएगी। वहीं पुलिस अपराध को रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में रखेगी और अपराधियों के लिए सजा-ए-मौत की मांग करेगी। इधर, ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश है। मामले को लेकर ग्रामीण एकजुट होकर बैठकें भी कर रहे हैं।कांग्रेस ने भी बनाई जांच कमेटी

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपितों को कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए। वहीं घटना को लेकर कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया। कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता पीड़ित परिवार से मिलने के लिए गांव में पहुंच रहे हैं। गैंग रेप मामले को लेकर कांग्रेस ने एक जांच कमेटी बनाई है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस की ये जांच कमेटी गांव में जाकर मामले की जांच करेगी। कमेटी में कांग्रेस नेत्री, शोभा ओझा, पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ एवं भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी को सदस्य बनाया गया है।पोस्टमार्टम में महिला की आतें बाहर मिली

उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को एक 45 वर्षीय महिला के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया था, जिसमें महिला की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान डॉक्टरों को महिला के पेट की आंतें बाहर मिली हैं। इसके अलावा शरीर पर गंभीर चोटें के निशान भी मिले थे। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। अब यह मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा।

# बिमारी से परेशान बुर्जू के कूद कर दी अपनी जान



खंडवा। बवासीर की बीमारी से परेशान एक 65 वर्ष से बुजुर्ग ने जिला अस्पताल की पांचवी मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। पांचवी मंजिल से कूदने के बाद वह दूसरी मंजिल पर जाकर निर्माण दिन लिफ्ट के गड्ढे में फंसा रहा।

सुबह किसी ने उसे दूसरी मंजिल पर फंसा हुआ देखा तो पुलिस को सूचनादी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्टाफ के साथ बुजुर्ग को दूसरी मंजिल से निकला। बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए पोस्टमार्टम रूम भेजा है। बवासीर से परेशान था बुजुर्ग

मामला रविवार शाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के सूरज को निवासी 65 वर्षीय मोहनलाल पुत्र शंकर लाल बवासीर की बीमारी से परेशान था। उसमें खून की कमी थी। डॉक्टर के अनुसार बुजुर्ग में 5 ए चबी खून ही बचा था।

जिला अस्पताल की पांचवी मंजिल पर मेल मेडिकल वार्ड क्रमांक 5 में बुजुर्ग गुरुवार से भर्ती था। बुजुर्ग मोहनलाल शाम के समय स्टाफ को यह कहकर वार्ड से निकला कि वह शौच के लिए जा रहा है। उसने बाथरूम का अंदर से गेट लगा दिया। उसके बाद खिड़की से छलांग लगा दी। पांचवी मंजिल से कूदने से हुई बुजुर्ग की मौत

परिजन बुजुर्ग से मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें भी वार्ड में नहीं मिले। स्टाफ से जानकारी लेने पर पता चला की बाथरूम गए हैं। परिजनों ने बाथरूम में जाकर देखा, तो गेट अंदर से लगा हुआ था। खोलकर अंदर गए तो खिड़की खुली हुई थी।

उन्होंने नीचे जाकर देखा, तो दूसरी मंजिल के निर्माण अधीन लिफ्ट के गड्ढे में बुजुर्ग फंसा हुआ दिखाई दिया। पुलिस और स्टाफ ने मिलकर बुजुर्ग को बाहर निकाला। पांचवी मंजिल से कूदने के कारण बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। शव का पीएम जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

## माफिया ने गोली मारकर ले ली जान



मुरैना । अवैध शराब खपाने जा रहे शराब माफ़ियाओं ने चाचा भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। सोमवार की सुबह यह वारदात सिहोनिया थाना क्षेत्र में भाटापुरा नहर पुलिया के पास हुई है।

महेंद्र भदौरिया और उसका भतीजा सौरभ भदौरिया आबकारी शराब ठेकेदार की दुकानों का काम संभालते हैं। दोनों को सूचना मिली कि दिमनी से गोपी-पंचोली गांव की तरफ़ अवैध शराब की गाड़ी जा रही है। चाचा भतीजे ने अवैध शराब की गाड़ी को रोकने के लिए अपनी बोलेरो गाड़ी सड़क पर लगा दी। इसी बीच अवैध शराब लेकर जा रहे हैं माफ़ियाओं ने सीधे फायरिंग कर दी। सीने में गोली लगने से सौरभ और महेंद्र भदौरिया की मौक़े पर ही मौत हो गई। दोनों के शव जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाए गए हैं। घटना के बाद से दिमनी सिहोनिया से लेकर जिला अस्पताल परिसर में भी तनाव का माहौल है।

# भोपाल में हिंदू लड़कियों को इस्लाम की शिक्षा भी दे रहे थे ब्लैकमेलिंग के आरोपी



भोपाल । मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में हिंदू लड़कियों के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग की कई घटनाएं हाल ही में एक-एककर सामने आई हैं। सभी घटनाओं में समान बात यह भी पता चली है कि आरोपित हिंदू लड़कियों को फंसाने के बाद उन्हें इस्लाम की शिक्षा दे रहे थे।

आरोपित लड़कियों में सनातन परंपरा के विरुद्ध जहर भरते और फिर समझाते कि हमारी दुआ में बहुत ताकत होती है। उनका ब्रेन वाश कर उन्हें बताते थे कि कलमा क्या होता है। रोजा क्यों रखा जाता है। हमारे इस्लाम में पद्धति कठिन जरूर है लेकिन दुआ जल्दी स्वीकार होती है।

पीड़ित लड़कियों के बयान और बरामद साक्ष्यों से ऐसे कई तथ्य मिले हैं, जिससे पता चलता है कि फरहान और उसके साथियों का यह संगठित अपराध कई वर्षों से चला आ रहा था। भोपाल में दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग कांड के मुख्य आरोपित फरहान के ही मोबाइल में पुलिस को 64 लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। इनमें से 58 टीआईटी कॉलेज में पढ़ चुकी हैं।जोया लड़कियों को फोन करती थी

हिंदू लड़कियों को फंसाने में फरहान की बहन जोया उसकी और अन्य आरोपितों की मदद किया करती थी। पीड़ित लड़कियों ने बताया कि जब वे फरहान से दूर जाने का प्रयास करती थी, तब जोया उन्हें फोन किया करती थी कि फरहान भाई अपसेट हैं। भाई आपको बहुत मानते हैं, आप उनसे एक बार बात कर लो।

एक पीड़िता ने जब जोया से दुष्कर्म और ब्लैकमेल की शिकायत की। उससे कहा कि फरहान के मोबाइल से वीडियो डिलीट कर दो, वह हमारे वीडियो वायरल करने की धमकी देता है, तो जोया ने डराया कि ज्यादा बोला तो भाई बाद में करेगा, मैं तेरे वीडियो पहले वायरल कर दूंगी। लापरवाही का चरम यह है कि इन तथ्यों के सामने आने के बाद भी भोपाल पुलिस ने जोया व फरहान के अन्य स्वजन को आरोपित नहीं बनाया।

माता के जगराते में शामिल होते थे फरहान व अन्य आरोपितहिंदू लड़कियों को फंसाने और उनका विश्वास जीतने के लिए आरोपित माता के जगराते में भी शामिल होते थे। इसके बाद वे कहते कि आज से मैं भी वर्मा हो गया।

### *जम्मू-कश्मीर और बंगाल के सर्वाधिक छात्र*

भोपाल स्थित टीआईटी कॉलेज में जिन हिंदू छात्राओं को लव जिहाद का शिकार बनाया गया, उस कॉलेज में जम्मू-कश्मीर और बंगाल के छात्र अधिक संख्या में प्रवेश लेते हैं। इनमें भी अधिकांश मुस्लिम वर्ग से आते हैं। यही वजह है कि कॉलेज प्रबंधन ने आरोपितों को बेजा संरक्षण दिया हुआ था। इस गिरोह में कई फैकल्टी के भी शामिल होने की बात पीड़िताओं ने बताई है।

### *मुख्य आरोपी के अकाउंट में मिला 50 लाख का लेनदेन*

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अधिकारियों की एसआइटी बनाई गई है। पूरे प्रकरण में अब तक जितने भी लोग सामने आए हैं, उन्हें आरोपित बनाया गया है। मुख्य आरोपित फरहान के बैंक खाते में 50 लाख रुपये का लेनदेन प्राप्त हुआ है। वह सैकेंड हैंड गाड़ियों को खरीदने-बेचने का काम करता है, लिहाजा उसी के संबंध में लेनदेन हुआ है, लेकिन संदिग्ध रुपयों को लेकर जांच जारी है।

**– हरिनारायणचारी मिश्र, पुलिस आयुक्त भोपाल**

## मुरैना में पार्क में घूम रहे कांग्रेस नेता पर लाठी और धारदार हथियार से हमला, ग्वालियर किया रेफर



मुरैना । मुरैना शहर में रोज की तरह सोमवार की सुबह पार्क में घूमने निकले कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री राकेश परमार पर 10 से 15 लोगों ने हमला कर दिया। लाठी, फरसे, सरिया आदि से उन पर हमला किया गया। इस हमले का वीडियो भी किसी ने बना लिया, जिसमें दिख रहा है, कि जमीन पर पड़े कांग्रेस नेता पर कई लोग लठ बरसा रहे हैं।

कांग्रेस नेता भागने का प्रयास करते हैं, लेकिन उन्हें पटककर पीटा जाता है। इस मारपीट में नेता के दोनों पैर बुरी तरह तोड़ दिए गए हैं। धारदार हथियार के वार से राकेश परमार के हाथों में गहरा घाव हो गया है। पूरे शरीर में चोटें आई हैं। कांग्रेस नेता पर रंजिश में यह हमला हुआ है। नाजुक हालत में उन्हें मुरैना जिला अस्पाल से ग्वालियर रेफर किया गया है।



# योग से साकार होगा स्वस्थ भारत का सपना: तुलसी नगर योगशाला का प्रथम स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

## योग गुरु रमेश पाटिल का हुआ सार्वजनिक सम्मान

इंदौर। स्वस्थ जीवन और निरोग भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा। उचित खानपान, स्वस्थ रहन-सहन और योग के समन्वय से ही हम सकारात्मक और स्वस्थ समाज की नींव रख सकते हैं। यह प्रेरक उद्गार योग गुरु एवं हरिओम योगपीठ के संस्थापक रमेश पाटिल ने तुलसी नगर योगशाला के प्रथम स्थापना दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किए।श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस समारोह में योग साधकों को संबोधित करते हुए योग गुरु पाटिल ने योग और प्राणायाम को अपनाने का आह्वान करते हुए लोगों से स्वस्थ जीवन के लिए उचित खानपान, सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति का भी मार्ग प्रशस्त करता है। इस अवसर पर योग गुरु पाटिल का, निपानिया, पिपलिया कुमार क्षेत्र में योग को जन जन तक पहुँचाने हेतु उनके सार्थक एवं उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सार्वजनिक रूप से क्षेत्र के गण मान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया। तुलसी नगर योग शाला के प्रशिक्षक योग गुरु प्रेम कैरो का भी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।



सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए वार्ड क्रमांक 37 की पार्षद संगीता महेश जोशी ने कहा कि योग गुरु पाटिल के प्रयासों से महालक्ष्मी नगर और तुलसी नगर के निवासियों में योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने आग्रह किया कि वो इस तरह के योग कार्यक्रमों को वार्ड की अन्य कॉलोनियों तक विस्तारित करें ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। इस अवसर पर कांग्रेस पार्षद राजू भदौरिया, राजपूत समाज के पप्पू ठाकुर सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए। श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश तोमर ने बताया कि एक वर्ष पूर्व हरिओम योगपीठ के संस्थापक रमेश पाटिल की प्रेरणा से तुलसी नगर के मां सरस्वती धाम में योगशाला की स्थापना की गई थी। योग गुरु प्रेम कौरो के नेतृत्व में प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग योग और प्राणायाम का अभ्यास करते हैं।कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 36-37 रहवासी महासंघ, श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक के.के. झा, मार्गदर्शक शंभूनाथ सिंह, संजय यादव, सर्व ब्राह्मण युवा संगठन महालक्ष्मी नगर इकाई के अध्यक्ष अमित त्रिवेदी, हरिओम योगपीठ के जिनेंद्र सांवला, आर.के. जैन, वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा, दीपेश गुप्ता, बसंत नायक, राकेश जायसवाल, पप्पू ठाकुर, धुले सिंह, भगवान् झा, महीप धींग सहित निपानिया, पिपलिया कुमार क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों के योग साधक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शादीशुदा महिलाओं को फंसाकर पैसे लूटता था मोहसिन, बचने के लिए खजराना में छुपा

इंदौर। मोहसिन खान शादीशुदा महिलाओं को फंसाकर उनसे पैसे लूटता था। उसके मोबाइल में कई स्क्रीन शाट मिले हैं जिनमें महिलाओं के पैसे भेजने की जानकारी मिली है। सोशल मीडिया पर नए कुछ वीडियो भी वायरल हुए हैं जिनमें मोहसिन की पिटाई हो रही है। इंदौर की शूटिंग एकेडमी चलाने वाले रेप और छेड़छाड़ के आरोपी कोच मोहसिन खान को लेकर लगातार खुलासे हो रहे हैं। मोहसिन का मोबाइल पुलिस से पहले ही पीड़िताओं के रिश्तेदार और हिंदूवादी संगठन के लोगों के हाथ लग गया था। मोबाइल के वीडियो और स्क्रीन शाट देखने के बाद उन्होंने मोहसिन को तलाशा और उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद उसे पुलिस को सौंपा गया।

परिजन ने की जमकर पिटाई-जब मोहसिन को पता लगा कि पीड़ित महिलाओं और छात्राओं के परिजन उसे तलाश रहे हैं तो वह खजराना में जाकर छुप गया। विश्व हिंदू परिषद के सदस्य राम दांगी ने बताया कि पीड़िताओं के वीडियो वायरल हो रहे थे जिसके आधार पर हिंदूवादी संगठन के लोग और पीड़ित महिलाओं के रिश्तेदारों ने मोहसिन की पहचान कर ली। वे उसकी एकेडमी पर पहुंचे तो पता लगा कि वह अब वहां नहीं आता है। फिर वह खजराना में मिल गया और वहां से उसे पकड़कर उसका मोबाइल चेक किया। मोबाइल में 100 से ज्यादा युवतियों के नंबर सेव मिले।

इनमें से कुछ युवतियों से वह नियमित रूप से वॉट्सऐप पर अश्लील चैटिंग करता था। इनमें कुछ शादीशुदा भी हैं। एक रिश्तेदार ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि जब मोहसिन के मोबाइल से यह सब मिला तो इतना गुस्सा आया कि उसकी पिटाई कर दी।

## वनों को समाप्त करने का दुष्परिणाम है, जलवायु परिवर्तन - राज्यपाल श्री पटेल

इन्दौर। वर्तमान समय में मौसम कुछ ऐसा चल रहा है कि सुबह ठंड लगती है, दोपहर में तेज गर्मी एवं शाम होने तक बारिश होने लगती है। यह सब जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के लिए हम मनुष्य ही दोषी हैं, क्योंकि हमने वनों को काटकर उन्हें समाप्त कर दिया है। प्रकृति ने हर मौसम के लिए चार माह का समय निर्धारित किया है, परन्तु मनुष्य ने अपने स्वार्थ के लिए वनों को समाप्त कर प्रकृति के चक्र में अवरोध उत्पन्न किया है। वर्तमान में मौसम का जो स्वरूप है उसके लिए यह आवश्यक है कि हम सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्रकृति का पुनः श्रृंगार करें।

राज्यपाल श्री पटेल ने उक्त बातें रविवार को बड़वानी जिले की राजपुर तहसील के ग्राम पंचायत इंदरपुर के ग्राम लोटनदेव में गुजराती चारण समाज न्यास द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है, परन्तु मनुष्य ने तो सिर्फ लिया ही लिया है। प्रकृति में मनुष्य की हर राशि, नक्षत्र के हिसाब से भी पेड़ निर्धारित हैं। अगर हर व्यक्ति वर्षाकाल में मात्र दो ही पेड़ लगाकर उन्हें बड़ा करे तो जलवायु परिवर्तन की स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सकता है, अन्यथा इसी तरह वनों का दोहन होता रहा तो आने वाले समय में जलवायु परिवर्तन की भयावह स्थिति हमारे समक्ष होगी और हम उसका सामना भी नहीं कर पायेंगे।

# जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट सांवेर को देगे 2 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

इन्दौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत विधानसभा सांवेर के ग्राम पंचायत बरलाई जागीर में श्री वीरभानसिंह पटेल की स्मृति में माँ देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा निर्मित 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक अहिल्या कुण्ड का जीर्णोद्वार एवं सौन्दर्यीकरण कराया गया है, जिसका लोकार्पण कल 26 मई सोमवार को लोकमाता अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी जयंती वर्ष पर किया जायेगा। यह अहिल्या कुण्ड न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसकी भव्यता और सांस्कृतिक विरासत इसे एक संभावित प्रमुख पर्यटन केन्द्र बनने की दिशा में अग्रसर करती है। इसकी सुन्दरता और महत्व को देखते हुए इस पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जायेगा। यह अहिल्या कुण्ड सांस्कृतिक धरोहर है, जिसमें मां अहिल्या बाई होलकर की स्मृति से जुडी जल संरचना जल संरक्षण का जीता जागता उदाहरण है। यह जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता की दूसरी सफलता है। वर्षों से उपेक्षित रहा यह अहिल्या कुण्ड अब पुनर्जीवित होकर वर्षा जल संचयन, भू-जल पुनर्भरण और ग्रामीण जल आपूर्ति के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।



इसी के साथ ग्राम पंचायत बरलाई जागीर में 35 लाख रुपये की लागत से निर्मित इमलीवाड़ी पुलिया, 13 लाख रुपये की लागत से निर्मित बागरी समाज का सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी होगा।

## मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण के लिए सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इन्दौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रवासियों से निरंतर संवाद के माध्यम मन की बात के 122वें संस्करण का नई दिल्ली प्रवास के दौरान श्रवण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करने के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन संवाद का अनूठा माध्यम है। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवा शक्ति, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार से लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाला संवाद कार्यक्रम है, जो राष्ट्रवासियों को नई ऊर्जा और दिशा देता है। प्रधानमंत्री के ओजस्वी, प्रेरणादायक और दूरदर्शी विचार राष्ट्रसेवा, सामाजिक जागरूकता और जनहित में कार्य करने की सतत प्रेरणा देते रहते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात में बताया कि पिछले वर्षों में मधुमक्खी पालन क्षेत्र में भारत में एक क्रांति हुई है। आज से 10-11 साल पहले भारत में वार्षिक शहद उत्पादन 70-75 हजार मीट्रिक टन होता था। आज यह बढ़कर करीब सवा लाख मीट्रिक टन के आसपास हो गया है। इस तरह शहद उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री के एकता के सूत्र में पिरोने वाले मन की बात कार्यक्रम के प्रेरणादायी संवाद से जुड़कर सशक्त भारत की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## समस्याओं के समाधान हेतु किसानों ने जताया जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट का आभार

इन्दौर। किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा की गई त्वरित पहल का किसानों ने मंत्री श्री सिलावट के प्रति आभार जताया है। इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक एम्प्लाइज एंड ऑफिसर्स एसोसिएशन, इंदौर द्वारा चल रही हड़ताल एवं बैंक तालाबंदी के कारण जिले के अनेक किसान को गेहूं उपज की राशि आहरण एवं रबी फसल फाइनेंस में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस संकट को दृष्टिगत रखते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने अत्यंत सक्रियता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए। श्री सिलावट के साथ-साथ सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग एवं इंदौर जिला प्रशासन के समन्वय से हड़ताली बैंक कर्मचारियों की मांगों का सार्थक निराकरण किया गया, जिससे बैंक की सेवाएं पुनः सुचारु रूप से आरंभ हो सकीं और किसानों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हुआ। इस सकारात्मक पहल के लिए किसानों की ओर से मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट का आभार व्यक्त किया गया है।

## नए इंदौर के हिसाब से लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन का विस्तार, नई बिल्डिंग, प्लेटफार्म हो रहे तैयार



इंदौर। बीते 30 सालों में इंदौर की बसाहट फैली है। नगर निगम सीमा भी बढ़ी, लेकिन शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर ही ज्यादातर ट्रेनें रुकती है। इस स्टेशन के दबाव को कम करने के लिए अब दूसरे रेलवे स्टेशनों का भी विस्तार किया जा रहा है। नई बसाहट के हिसाब से लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन शहवासियों की पहुंच में है, लेकिन उसकी तरफ रेलव ने कभी ध्यान नहीं दिया,लेकिन अब स्टेशन के मुख्य बिल्डिंग, प्लेटफार्म व दूसरी तरफ के गेट का निर्माण किया जा रहा है। इसके बनने के बाद यहां ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ेंगे। उधर इंदौर के मुख्य रेलवे स्टेशन के री-डेवलपमेंट भी शुरू होने वाला है। सिंहस्थ तक नया स्टेशन शुरू होगा। निर्माण अवधि में मुख्य रेलवे स्टेशन से चलने वाली रेल गाड़ियां लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से संचालित होगी। बारिश के बाद अहमदाबाद की कंपनी काम शुरू कर देगी।

# जेनेटिक काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाये-राज्यपाल श्री पटेल

इन्दौर। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल को खत्म करने के लिए स्क्रीनिंग के बाद जेनेटिक काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंदौर संभाग के धार जिले में 12 लाख लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें से लगभग 25 सौ लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। सिकल सेल पॉजिटिव आपस में विवाह नहीं करें, इसकी समझाइश दी जानी चाहिए। यह बात राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिये चलाए जा रहे अभियान के कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम का आयोजन धार जिले में जागरूकता अभियान के तहत किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भी अतिथियों और आमजन द्वारा किया गया।




राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि उन्होंने जन औषधि केंद्रों पर आयुष विभाग के माध्यम से दवाइयों की उपलब्धता कराई गई है। उन्होंने पॉजिटिव पाए गए लोगों से नियमित दवाई लेने और व्यायाम करने, सुपाच्य भोजन करने, ठंडे पानी से नहीं नहाने और अधिक मात्रा में पानी पीने की समझाइश दी। उन्होंने सभी स्टोर्स पर दवाइयों की उपलब्धता और डॉक्टर्स द्वारा जनजागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल के क्षेत्र मे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी को सराहा। राज्यपाल ने सभी लोगों से उसका अवलोकन करने का आग्रह भी किया।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# बारिश पूर्व गिराउ भवनों को चिन्हीत करते हुए उन्हें तोड़ा जायएगा

## बाढ़ नियंत्रण की बैठक में निगम अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

उज्जैन। आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार को प्रभारी आयुक्त पवन कुमार सिंह द्वारा उपायुक्त योगेन्द्र पटेल, संजेश गुप्ता, श्रीमती आरती खेडेकर, मनोज मौर्य, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री लक्ष्मण प्रसाद साहु, प्र. कार्यपालन यंत्री साहिल मेदावाला, झोनल अधिकारी डीएस परिहार, दीपक शर्मा, मनोज राजवानी, राजकुमार राठौर, रवि राठौर सहित अन्य अधिकारी के साथ बाढ नियंत्रण को लेकर बैठक आयोजित की गई।

प्रभारी आयुक्त पवन कुमार सिंह द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बारिश से पूर्व शहर के नाले एवं नालियों की समूचित साफ सफाई की जाए, जहां भी नाले एवं नालियों पर अतिक्रमण हेतु उन्हें हटाया जाए,




जलभराव क्षेत्रों में नागरिकों को सुरक्षित रेस्क्यू किये जाने हेतु प्लान तैयार किया जाए, जलभराव क्षेत्रों के आस पास नागरिकों को ठहराने हेतु धर्मशाला, स्कूल इत्यादि चिन्हित किये जाए।

आपने भवन अधिकारी एवं निरीक्षकों को निर्देशित किया कि शहर के समस्त गिराउ भवनों को चिन्हीत करते हुए उन्हें तोड़े जाने हेतु सम्बंधित भवन स्वामी को सूचना पत्र जारी किये जाए साथ ही ऐसे भवनों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाए ताकि नागरिक उसके नीचे खडे ना हो। वर्कशाप विभाग को निर्देशित किया गया कि जलभराव की स्थिति से निपटने हेतु आवश्यकता अनुसार वाहनों की उपलब्धता को सुनिश्चित रखा जाए। कंट्रोल रूम प्रभारी जलभराव अथवा निगम से सम्बंधित शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल सम्बंधित अधिकारी से सम्पर्क कर समस्या का निराकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें। उद्यान विभाग यह सुनिश्चित करें की शहर में कही भी पेड़ गिरने की शिकायत प्राप्त होती है तो उसका तत्काल निराकरण करें।

आपने समस्त झोनल अधिकारियों एवं अधिकारियों को विशेष तोर पर निर्देशित कि यदि शहर में आंधी तुफान जैसी स्थिति निर्मित होती है तो तत्काल बिना किसी निर्देशों की प्रतिक्षा किये अपने अपने झोन क्षेत्रों का निरीक्षण करें एवं निगम से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें।

# क्रांति संतों के द्वारा या स्त्रियों के द्वारा ही हो सकती है- डॉ. मोहन गुप्त



उज्जैन। पिछले तेरह सौ वर्षों के हिन्दी साहित्य का अवलोकन कर डॉ. उर्मि शर्मा ने ये पुस्तकें लिखकर उपकार का कार्य किया है। क्रांति संतों के द्वारा या स्त्रियों के द्वारा ही हो सकती है और इन पुस्तकों में क्रांतिकारी स्त्री विमर्श है। ये पुस्तकें नई पीढ़ी के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

ये विचार मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन द्वारा श्री राम जानकी मंदिर सभागृह में आयोजित कवयित्री डॉ. उर्मि शर्मा की दो पुस्तकों ''हिन्दी साहित्य के स्वर एवं मौन रहकर गूंजते हैं शब्द'' के लोकार्पण प्रसंग में पूर्व कुलपति डॉ. मोहन गुप्त ने प्रमुख अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में व्यक्त किये। सारस्वत अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि शब्द अनादि है, अनन्त है और शब्द ब्रह्म है और इन पुस्तकों की रचनाओं में ईश्वर तत्व और अक्षर तत्व है। विशेष अतिथि प्रो. नागेश्वर राव ने कहा कि पुस्तकें अपने समयकाल और आवश्यकता के अनुसार समसामयिक होकर प्रासंगिक हैं। विशिष्ट अतिथि मालवी साहित्यकार प्रो. शिव चौरसिया ने कहा कि उर्मिजी की पुस्तकों में शब्दों को ईमानदारी से कहा गया है और अगर इमानदारी से शब्द कहे गए हों तो शब्द गूंजते हैं और बताते हैं कि उर्मि जी गंभीर लेखिका हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन मध्यप्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष आचार्य प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने दिया।

प्रमुख वक्ता विक्रम विवि के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने कहा कि पुस्तकों के निबंध और आलेख शोधपरक, विमर्श परक हैं। इन पुस्तकों ने लोक साहित्य और संस्कृति को छुआ है। इन पुस्तकों में स्त्री विमर्श एक नए रूप में सामने आता है और समस्त आलेख सांस्कृतिक एकता और समकालीन साहित्य पर हैं। पुस्तक समीक्षा करते हुए डॉ. पिलकेंद्र अरोरा ने कहा कि पुस्तकों के लेख तार्किक हैं और साहित्य के मानदंडों पर खरे उतरते हैं। ये पुस्तकें नये छात्रों के लिए ही नहीं, समाज में सभी के लिए आवश्यक हैं। लेखकीय वक्तव्य डॉ. उर्मि शर्मा ने दिया।

## उज्जैन शहर की पहली प्रोफेशनल टेबल टेनिस अकेडमी के बच्चो ने किया बेहतरीन प्रदर्शन




उज्जैन। उज्जैन जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा आयोजित प्रथम जिला रैंकिंग महाकालेश्वर दरबार टेबल टेनिस हॉल में सम्पन हुई।

अकेडमी के संस्थापक मेघा सरवटे व अक्षय नीमा ने बताया कि द मैच पॉइंट टेबल टेनिस अकेडमी के खिलाड़ियो ने 6 वर्ग के 12 विजेता और उपविजेता में से 8 खिलाड़ियो ने बाजी मारी। विजेता आरव जैन (बालक - 11), अमन बैस (पुरुष वर्ग), मेघा भद्रवाले (महिला वर्ग), उपविजेता- कार्तिक चव्हाहन (बालक-11), तनुष गौर (बालक- 13) आदि।

# आईसीएआई उज्जैन ब्रांच ने किया भोपाल में दो दिवसीय सेमिनार



उज्जैन। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) उज्जैन ब्रांच द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के ज्ञानवर्धन एवं आपसी संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय रेजिडेंशियल रिफ्रेशर कोर्स (आर.आर.सी) का सफल आयोजन भोपाल में किया गया।

ब्रांच के चेयरमैन सीए अकृत जैन ने बताया कि आईसीएआई समय-समय पर मेंबर्स के लिए विभिन्न शैक्षणिक सेमिनार, कार्यशालाएं एवं कोर्सेज का आयोजन करता है। इसी कड़ी में आर.आर.सी जैसे आयोजन का उद्देश्य न केवल सीए सदस्यों के ज्ञान में वृद्धि करना है, बल्कि उनके बीच आपसी समन्वय और मेल-जोल को भी प्रोत्साहित करना है। इस प्रकार के आयोजन रमणीय स्थलों पर होते हैं। भोपाल में आयोजित इस आर.आर.सी में उज्जैन के अलावा देवास, शाजापुर, आगर सहित अन्य निकटवर्ती जिलों से बड़ी संख्या में सीए सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण कर एवं लेखा विषयों पर व्याख्यान दिए गए।

# पथ विक्रेता कानुन 2014 को तुरंत लागू करने की मांग की

## अंतरराष्ट्रीय पथ विक्रेता दिवस पर हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

उज्जैन। अंतराष्ट्रीय पथ विक्रेता दिवस पर हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ द्वारा रैली निकालकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पथ विक्रेता कानुन 2014 को तुरंत लागू करने की मांग की।




नेशनल हॉकर फेडरेशन के संजय सिंह चौहान ने बताया कि 26 मई 2025, अंतराष्ट्रीय पथ विक्रेता दिवस है। लेकिन बहुत दुःख की बात है की भारत के पवित्र सर्वोच्च न्यायालय एवं संसद द्वारा बनाया पथ विक्रेता कानुन 2014 को पुरी तरीके से कमजोर किया जा रहा है। 26 मई को उज्जैन में प्रदर्शन करते हुए पथ विक्रेता कानून 2014 को तुरंत लागू किया जाने की मांग की गई। साथ ही मांग की कि कानून को लागू करने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। पथ विक्रेता एक्ट के अनुसार, राज्य के सभी स्ट्रीट वेंडर्स का कम से कम हर 5 साल में सर्वेक्षण कराना अनिवार्य है। राज्य की सभी महानगर पालिकाओं, नगर पालिकाओं और परिषदों में सभी हॉकरों का नया सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। साथ ही, स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 की धारा 5 के अनुसार, स्ट्रीट वेंडर्स से स्व-घोषणा पंत्र लिया जाना चाहिए और उन सभी को प्रमाण पत्र जारी किया जाना चाहिए। यह कार्य एक माह के भीतर शुरू किया जाना चाहिए। राज्य की सभी महानगर पालिकाओं, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में अतिक्रमण विभाग के प्रमुख पुलिस की मदद से पथ विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। यह अवैध है स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 की धारा 3(3) का उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए। इस कार्रवाई को तत्काल रोका जाए तथा पथ विक्रेता एक्ट 2014 को प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए।

स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं स्ट्रीट वेंडर्स प्रतिकर) अधिनियम, 2014 की धारा 38 के अनुसार, सरकार के लिए पथ विक्रेता अधिनियम को लागू करने के लिए योजना बनाना तथा उसे प्रभावी ढंग से लागू करना अनिवार्य है। चूंकि कई राज्यों में यह योजना कानून में शामिल नहीं है, इसलिए लाखों स्ट्रीट बैंडर्स अपनी आजीविका के अधिकार से वंचित है, उन्हें न्याय दिलाने के लिए हॉकर्स एक्ट, 2014 के अनुसार आगामी एक माह में योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन किया जाए।

राज्य में जिन स्थानों पर अभी सर्वे चल रहा है, वहां प्रमाण के तौर पर निवास प्रमाण पत्र (डोमिसाइल) मांगा जा रहा है। यह स्थिति तब दिखाई जा रही है जब बॉम्बे उच्च न्यायालय का अंतिम फैसला आ चुका है।

इस संबंध में एक परिपत्र जारी किया जाना चाहिए और सभी महानगर पालिकाओं और नगर पालिकाओं को तदनुसार सूचित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत सभी हॉकरों को एलओआर और ऋण उपलब्ध कराने की योजना है। आज पथ विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, भले ही उसके पास एलओआर हो। यह कार्रवाई हॉकर्स अधिनियम का उल्लंघन है।

# उज्जैन वाला ग्रुप ने मुंबई में किया पंडित मुस्तफा आरिफ का सम्मान



मुंबई में आयोजित पंडित मुस्तफा आरिफ के सम्मान समारोह में सुप्रसिद्ध फिल्म संवाद पटकथा लेखक और स्तंभकार रुमी जाफरी ने कही। आध्यात्मिक रचनाकार पंडित मुस्तफा आरिफ की 75वीं वर्षगाँठ पर स्वागत समारोह का आयोजन राहेजा क्लासिक क्लब में उज्जैन वाला ग्रूप के प्रबल स्तंभ मेटेक्सिल के पूर्व चैयरमैन संजीव सरन ने किया था। इस अवसर पर नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के महासचिव और राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रिजमोहन श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री रूमी ने कहा कि दारा शिकोह एक विद्वान, दार्शनिक और सूफ़ी विचारक के रूप में प्रसिद्ध हुए।

उज्जैन। पंडित मुस्तफा दारा शिकोह की परंपरा को आगे बढ़ा रहें है। पंडित मुस्तफ़ा आरिफ भी कुरान और भागवद गीता के विचारो को जन जन तक पहुंचाने की उसी परंपरा का निर्वाह कर सांप्रदायिक समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहें है। दारा शिकोह एक प्रगतिशील विचारक थे, जिन्होंने धार्मिक सद्भाव और बौद्धिक समन्वय के लिए कार्य किया। आज भी उन्हें भारतीय सांस्कृतिक एकता का प्रतीक माना जाता है।

यह बात उज्जैन वाला ग्रूप द्वारा

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com